## ब्रीफ न्यूज

### जेइइ एडवांस्ड 18 मई को ऑनलाइन होगा आयोजित

**पटना (रासासं):** जेइइ एडवांस्ड ऑनलाइन मोड में 18 मई को होगा। आइआइटी कानपुर ने सोमवार को नोटिफिकेशन जारी कर इसकी पुष्टि कर दी है। कई दिनों से जेइइ एडवांस्ड 2025 को लेकर उहापोह की स्थिति थी कि परीक्षा ऑनलाइन होगी या ऑफलाइन इस उहापोह की स्थिति को जेइइ एडवांस्ड 2025 आयोजित कराने वाली संस्थान आइआइटी कानपुर ने विराम दे दिया है। इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जेइइ एडवांस्ड 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 23 अप्रैल से दो मई तक होगा। एडमिट कार्ड 11 मई से 18 मई के बीच डाउनलोड कर सकते हैं। जेइइ मेन के टॉप 2.50 लाख सफल उम्मीदवार जेइइ एडवांस्ड में होंगे शामिल। जेइइ एडवांस्ड 2025 के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवार को जेइइ मेन 2025 के बीइ-बीटेक पेपर दोनों सत्र जनवरी व अप्रैल मिला करके टॉप 2.5 लाख सफल उम्मीदवारों में शामिल होना होगा। इनमें कैटेगरी वाइज 10 प्रतिशत सामान्य-इडब्ल्यूएस, 27 प्रतिशत ओबीसी-एनसीएल, 15 प्रतिशत एससी, 7.5 प्रतिशत एसटी, 40.5 प्रतिशत प्रत्येक कैटेगरी में पीडब्ल्यूडी के लिए 5 प्रतिशत सीटें रिजर्व होंगी।

### पटना जीपीओ में गुरु के लंगर पर विशेष आवरण का विमोचन



**पटना (रासासं):** जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) के फिलेटली ब्यूरो में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने सिख धर्म के पवित्र लंगर पर एक विशेष आवरण का विमोचन किया। इस विशेष आवरण को जारी करने का उद्देश्य लंगर की भावना और सिख समुदाय के उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करना था। लंगर, सिख धर्म का एक अभिन्न अंग है, जो विना किसी भेदभाव के सभी के लिए मुफ्त भोजन की सेवा का प्रतीक है। यह सिख धर्म के मूल सिद्धांतों सेवा, समानता और भाईचारे का एक सशक्त प्रतीक है, जो मानवता की एकता पर जोर देता है।मुख्य अतिथि चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा यह आयोजन केवल एक विशेष आवरण विमोचन से कहीं अधिक महत्व का है, यह लंगर के पीछे के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित करने का एक माध्यम है।

### कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ तीन दिवसीय श्रीराम राम लाला प्राण प्रतिष्ठा समारोह





**पटना (रासासं):** राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर परिसर में तीन दिवसीय श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। इस मौके पर अयोध्या से आए पुजारी के द्वारा पूजन के बाद पंचरूपी हनुमान मंदिर प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन एवं अपनी पत्नी के साथ स्थापना व कलश पूजन किया। इसके पश्चात कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। लगभग 100 की संख्या में शामिल महिलाएं सर पर कलश और नारियल लेकर पीले वस्त्र में कलश यात्रा में शामिल हुई। यह कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर ललित भवन, पुनाईचक, आर ब्लॉक चौराहा, दरोगा राय पर, सचिवालय, बीपीएससी, राजभवन, चिड़ियाघर, सरदार पटेल भवन होते हुए लौटकर मंदिर प्रांगण तक आई। इस दौरान डीजे बैण्ड के साथ भक्तगण जय श्री राम एवं जय हनुमान का जय घोष करते हुए यात्रा में शामिल हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि कलश यात्रा में मंदिर प्रबंधन में समिति के सदस्य प्रेम कुमार, आलोक कुमार, राज किशोर सिंह, भगवान राम,कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, पुजारी अजय कुमार झा, राजेश झा, गोल्ड मैन प्रेम सिंह,संजय चौबे, प्रेम शंकर राव, छोटू राम,परमा राय, अविनाश कुमार, गुड्डू कुमार,दीपक कुमार,जय वीरू, शैलेश राय, सुनील कुमार, विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। पूजन के दौरान मंदिर न्यास समिति के सचिव अतुल कुमार सिन्हा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 25 एकड़ में 515 करोड़ की लागत से चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण जारी

## 100 छात्रों के नामांकन की क्षमता व हॉस्पिटल में 500 बेड की सुविधा

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**पटना:** बिहार सरकार स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य के लोगों को बेहतर इलाज प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में कई मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में बहुआयामी सुधार की दिशा में एक और कदम बढ़ते हुए बक्सर जिले के डुमरांव में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बक्सर का निर्माण कराया जा रहा है।

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बक्सर का निर्माण कुल 25 एकड़ कैम्पस में 515 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। 25 एकड़ कैम्पस में हॉस्पिटल ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक और रेजिडेंशियल ब्लॉक आदि का निर्माण जारी है। भवन निर्माण का कार्य तेजी से जारी है जो वर्ष 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**हर वर्ष 100 छात्रों के नामांकन की होगी क्षमता:** श्री पाण्डेय ने कहा कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बक्सर में हर वर्ष 100 छात्रों के नामांकन की क्षमता होगी। इस हॉस्पिटल में 500 बेड की सुविधा दी जा रही है। साथ-साथ 250 कैपेसिटी का बॉयज हॉस्टल, 250 कैपेसिटी का गर्ल्स हॉस्टल, 54 कैपेसिटी का इंटर्न हॉस्टल, 62 कैपेसिटी का रेजिडेंट हॉस्टल और 49 कैपेसिटी का नर्स हॉस्टल बनाया जा रहा है।

इस परिसर में रेजिडेंशियल ब्लॉक के तहत प्रिंसिपल, एमएस, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर रेजिडेंसी, नॉन टीचिंग स्टाफ क्वार्टर, नाइट शेल्टर और धर्मशाला भी बनाई जा रही है। इसके साथ कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आधुनिक मेडिकल उपकरण, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सौर प्रणाली, सीसीटीवी आदि आधुनिक सुविधाएं भी लगाई जा रही है।

**चिकित्सा शिक्षा के लिए मिल रहे बेहतर अवसर:** स्वास्थ्य मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में कई नए मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की स्थापना की गई है। इससे न केवल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिल रहे हैं, बल्कि राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध हो रही हैं।

यह कदम बिहार को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बक्सर का निर्माण बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र को नए आयाम प्रदान करेगा और राज्य को एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

# कल से शुरू होगा द्वितीय बिहार स्टेट ओपन ई स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप



राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**पटना:** 22 जनवरी को पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल में द्वितीय बिहार स्टेट ओपन ई स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि दिसम्बर 2023 में प्रथम बिहार स्टेट ओपन ई स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था तथा 29 और 30 नवंबर 2024 को इन्टर स्कूल और इन्टर कॉलेज चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था।

बिहार देश का पहला राज्य है जहां ई स्पोर्ट्स की प्रतियोगिता आधिकारिक तौर पर करायी गई है। आगे श्री शंकरण ने बताया कि बिहार में ई स्पोर्ट्स के प्रति युवाओं में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है, इस वर्ष बिहार के 6000 से ज्यादा खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता के लिये रजिस्ट्रेशन करवाया जिनमें से करीब 3500 खिलाडियों को योग्य पाया गया और ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से करीब 115 खिलाड़ी फाइनल में 22 तारीख को खेलने के लिए चुने गए हैं।

ई स्पोर्ट्स की दुनिया में 'डायनामो' के नाम से प्रसिद्ध खिलाड़ी आदित्य सावंत इस प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि होंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक सह सचिव रविंद्रनाथ चौधरी ने बताया कि अपनी लोकप्रियता के कारण ई स्पोर्ट्स को ओलंपिक खेलों में भी शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में सफल खिलाडियों को सरकार द्वारा बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार किया जाएगा ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर मेडल जीत कर खिलाड़ी बिहार और देश का नाम रोशन कर सकें ।

# पटना सिविल कोर्ट में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआइआर दर्ज

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**पटना:** पटना सिविल कोर्ट में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह मामला अधिवक्ता बी के कत्याल ने केजरीवाल द्वारा बिहार के वोटर्स पर की गई टिप्पणी को लेकर दायर किया है। अदालत ने इस मामले में अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह केजरीवाल के खिलाफ दर्ज 11वां मामला है, जिनमें से 3 मामलों में वह पहले माफी मांग चुके हैं।

**क्या है मामला:** बी के कत्याल ने बताया कि 9 जनवरी को अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक रूप से यूपी और बिहार के लोगों को फर्जी वोटर बताया था। उनका यह बयान न केवल अपमानजनक था, बल्कि इससे लाखों लोगों की भावनाएं को ठेस पहुंची हैं। अधिवक्ता कत्याल ने कोर्ट में इसे मानहानि का मामला बताते हुए केस दर्ज कराया, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

**अधिवक्ताओं ने की टिप्पणी की निंदा:** अधिवक्ता संघ के महासचिव ऋषिकेश नारायण सिन्हा ने केजरीवाल के बयान को ओछी मानसिकताह्व का परिचायक बताया। उन्होंने कहा, बिहार के लोग किसी से कम नहीं हैं। यदि केजरीवाल को बिहारी फर्जी लगते हैं, तो वे यहां आकर देख लें। बिहारी उन्हें करारा जवाब देंगे।

केजरीवाल ने हाल ही में दावा किया था कि दिल्ली में पिछले 15 दिनों में 13,000 नए वोटर जोड़े गए हैं, जिनमें से अधिकांश यूपी और बिहार से हैं। उन्होंने इन वोटर्स को फर्जी कहते हुए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था, जिससे यह विवाद खड़ा हुआ।

### नगर निगम के सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

**पटना (रासासं):** पटना नगर निगम कार्यालय के बाहर सफाईकर्मियों ने ठेका प्रथा खत्म करने, वेतन बढ़ाने समेत 15 सूत्री मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान निगम प्रशासन और मेयर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। चतुर्थवर्गीय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नंदकिशोर दास ने बताया कि हमारी बातों को सुना नहीं जा रहा है। कई बार हमलोगों से वादा किया गया, लेकिन आज दिन तक उसे पूरा नहीं किया। अगर यही हाल रहा तो हमलोग अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। शहर में सफाई व्यवस्था ठप करेंगे। सरकार और निगम प्रशासन के मजदूर विरोधी रवैए से कर्मियों में रोष है। हमलोगों के पास संघर्ष के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि दैनिक कर्मियों की सेवा स्थायीकरण, निगम की ओर से सीधे खाते में भुगतान होना चाहिए। काम करने का समय 6 घंटे फिक्स किया जाए।

# बिहार से सिलीगुड़ी का सफर होगा और आसान सीमांचल में फोरलेन सड़क को मिली मंजूरी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**पटना:** बिहार के दो सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार से मंजूरी मिली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। इन दो सड़क परियोजनाओं में एक सड़क आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे है जबकि दूसरी सीमांचल इलाके की फोरलेन सड़क है। किशनगंज-बहादुरगंज के बीच 24.849 किलोमीटर की फोरलेन हाइवे बनने वाली है। इस सड़क के तैयार होने पर बिहार से सिलीगुड़ी का सफर भी और आसान हो जाएगा।

बिहार के किशनगंज जिले में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को मंजूरी केंद्र सरकार ने दे दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और राष्ट्रीय राजमार्ग- 327 ई को जोड़ा जाएगा। इसके लिए किशनगंज-बहादुरगंज प्रखंड में 24.849 किलोमीटर लंबा फोरलेन हाईवे बनाया जाएगा।

किशनगंज-बहादुरगंज के बीच बनने वाली इस सड़क परियोजना पर 1117.01 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। एक महत्वपूर्ण आर्थिक कॉरिडोर का हिस्सा बनने वाला यह फोरलेन पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर को सीधा जोड़ देगा। इस फोरलेन के बन जाने के बाद विभिन्न शहरों से सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे तक जाने में और अधिक सहूलियत हो जाएगी। लोग कम समय में लंबी दूरी के इस सफर का आनंद ले सकेंगे। इस फोरलेन के बनने से स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा और आर्थिक विकास भी होगा।

किशनगंज की इस फोरलेन सड़क के अलावे केंद्र सरकार ने रामनगर से कच्ची दरगाह तक सिक्सलेन सड़क के लिए भी 1082.85 करोड़ की लागत सहित मंजूरी दे दी है।यह आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे का हिस्सा होगा। 2200 करोड़ के दो प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है।

# दो बड़े प्राइवेट स्कूलों के दो दर्जन वैन पुलिस ने किया जब्त

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**पटना:** पटना ट्रैफिक पुलिस ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा और जाम की समस्याओं को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पटना के दो नामी स्कूलों के लगभग 25 चार पहिया वाहनों को जब्त किया है।

बताया गया कि इन गाड़ियों में क्षमता से अधिक बच्चों को ढोया जा रहा था। जिसको लेकर यह कार्रवाई की गई है। पटना में पहली बार ऐसा हुआ है जब ट्रैफिक पुलिस ने क्षमता से अधिक बच्चों को ढोने को लेकर स्कूल वैन को जब्त किया है। वहीं इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से चल रहे स्कूल वैन के संचालकों के साथ प्रबंधन में भी हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पटना के लोयला और संत जेवियर्स स्कूल पर ये करवाई हुई है। बताया गया कि इनके स्कूल वैन में सीटिंग क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर उन्हें पिक एंड ड्रॉप किया जा रहा था। जो कि यातायात नियमों के खिलाफ है। ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है, जब शिक्षा विभाग ने छात्रों को ऑटो से ढोने पर रोक लगाने का आदेश दिया है।

दरअसल पकड़े गए ज्यादातर वाहनों का इस्तेमाल अवैध तरीके से निजी स्कूलों में किया जा रहा है।यातायात नियमों के अनुसार सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से वाहनों के कलर पीले होने चाहिए। ड्राइवर और को चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, वाहनों में कैमरे इत्यादि होना आवश्यक है।

पटना ट्रैफिक अपराजित लोहान ने बताया कि जब्त वाहनों के पास कोई कागजात नहीं मिले हैं। न ही जिन स्कूलों में यह चल रहा था, उन्होंने ही अपना कोई रिकॉर्ड आरटीओ में उपलब्ध कराया है। जबकि यह जानकारी देना अनिवार्य है। यातायात विभाग के अनुसार इस संबंध में स्कूल प्रशासन से बाबत जानकारी मांगी गई है। वहीं संतोष जनक जवाब नहीं दिए जाने पर सभी जब्त वाहनों सहित निजी स्कूलों पर कार्रवाई होगी।

# पीएचसी प्रभारी पर बंदूक तानने वाला डॉक्टर सस्पेंड, अटेंडेंस को लेकर हुई थी बहस

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**मसौढ़ी:** मसौढ़ी पीएचसी में तैनात डॉक्टर और वहां के प्रभारी के बीच अटेंडेंस को लेकर बहस हुई थी। इस दौरान डॉक्टर सत्येंद्र नारायण मोहन पासवान ने प्रभारी डॉ. रामानुजम पर बंदूक तान दिया था। मामला 30 नवंबर 2024 का है अब इसी मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बंदूक तानने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की है। मसौढ़ी पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानुजम की शिकायत ने इस बात की शिकायत पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह और सिविल सर्जन से की। डीएम ने मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग को भेजा। जिसके बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। प्रभारी पर बंदूक तानने वाले डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसकी अधिसूचना स्वास्थ्य विभाग ने 17 जनवरी को जारी की है। इसे विभाग के वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। वही इस मामले पर पटना के सिविल सर्जन डॉ.अविनाश कुमार ने बताया कि डॉक्टर सत्येंद्र नारायण मोहन पासवान को अनुशासनहीनता मामले में निलंबित किया गया है।

# सीनियर सिटीजन के वाहनों पर लगाया जायेगा स्टीकर

## सीनियर सिटीजन के दुर्घटना रोकने की परिवहन विभाग की अनूठी पहल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**पटना:** सीनियर सिटीजन को सड़क पर वाहन चलाते समय अधिक सुरक्षा और सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने एक नई पहल शुरू करने का निर्णय लिया है। अब वरिष्ठ नागरिकों के वाहनों के पीछे एक विशेष स्टीकर लगाए जाएंगे, जिस पर ह्यद्यधैर्य रखें ('ीस्र स्त्रं३ील्लू), वाहन चालक वरिष्ठ नागरिक हैं।ह्य लिखा रहेगा।

**वरिष्ठ नागरिकों के अनुरोध पर विभाग ने लिया निर्णय:** दरअसल, हाल ही में वरिष्ठ नागरिकों के एक समूह ने परिवहन सचिव से मिलकर वरिष्ठ नागरिक का एक विशेष स्टीकर अपने वाहनों के पीछे लगाने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर परिवहन सचिव ने जनहित में वाहनों के पीछे वरिष्ठ नागरिक का स्टीकर लगाने की स्वीकृति दी है।

**सड़क दुर्घटनाओं में लायी जा सकेगी कमी:** परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सीनियर सिटीजन को वाहन चलाते समय अन्य वाहन चालकों द्वारा बेवजह हार्न, ओवरटेकिंग इत्यादि परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ नागरिक असहज महसूस करते हैं। स्टीकर लगे होने से अन्य वाहन चालकों को उनकी उपस्थिति की जानकारी आसानी से हो सकेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

**60 वर्ष से अधिक 514 लोगों की सड़क दुर्घटना में हो चुकी है मौत:** राज्य में वर्ष 2023 में 60 वर्ष से अधिक उम्र के 514 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। जबकि 262 लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो चुके हैं। इन दुर्घटनाओं में वाहन चालक, पैसेंजर, पेडिस्ट्रीयन आदि शामिल हैं।

**सीनियर सिटीजन के प्रति धैर्य और सम्मान का बनेगा वातावरण:** परिवहन सचिव ने बताया कि यह स्टीकर न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि सड़क पर अन्य चालकों के बीच सीनियर सिटीजन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। इससे सड़क पर उनके प्रति धैर्य और सम्मान का वातावरण बनेगा।

**सड़क सुरक्षा माह के दौरान लगाया जायेगा स्टीकर:** राज्य में सड़क सुरक्षा माह चल रहा है। इसके तहत सड़क सुरक्षा जागरुकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत सीनियर सिटीजन के वाहनों पर स्टीकर लगाया जायेगा। सीनियर सिटीजन का स्टीकर प्रिंट कर खुद भी अपनी सुविधानुसार वाहन चालक (वरिष्ठ नागरिक) लगा सकते हैं।

**बेवजह हॉर्न न बजाएं:** परिवहन सचिव ने आम लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय बेवजह हॉर्न न बजाएं इससे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सीनियर सिटीजन अक्सर धीमी गति से वाहन चलाते हैं, जिससे अन्य वाहन चालकों को उनकी उपस्थिति का पता नहीं चल पाता। इस पहल का उद्देश्य सीनियर सिटीजन की सुरक्षा बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

# दही गोप हत्या मामले में 2 लाइनर गिरफ्तार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता



**पटना:** दानापुर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव उर्फ दही गोप हत्या मामले में पुलिस ने 2 लाइनर को गिरफ्तार किया है। हमलावर रंजीत को मारने आए थे, लेकिन बीच-बचाव में गोरख राय को भी गोली लगी थी। जिससे मौके पर उनकी मौत हो गई थी। जबकि दही गोप की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हुई थी।

हत्या की साजिश दानापुर के राहुल जेनरेटर ने रची थी। राहुल को शक था कि उसके पिता की हत्या दही गोप ने कराई थी। इसके लिए शूटरों को हायर किया था। राहुल जेनरेटर, मनेर का सोनू और दानापुर के शुभम उर्फ चड्डा भी वारदात में शामिल था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

सिटी एसपी पश्चिमी शरत आर.एस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि हत्या में शामिल 2 अपराधियों को दानापुर के आसपास देखा गया है।

इनपुट के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने अंकित कुमार गुप्ता(21) और अंकित राजपूत(19) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। कुछ और लोगों का नाम सामने आया है। जिसकी तलाश की जा रही है। अंकित गुप्ता दानापुर कैंट एरिया का रहने वाला है। उसका क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है।

21 दिसंबर 2024 को रात 9 बजे के करीब रंजीत कुमार श्राद्ध भोज में शामिल होने के बाद पेठिया बाजार में अपने सहयोगियों को छोड़कर कार से घर जा रहे थे। इस बीच एक युवक ने रंजीत को आवाज दी। वहां जाते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। 20 राउंड फायरिंग हुई थी। रंजीत के पेट और सिर में करीब 5 गोली लगी थी।

रंजीत को बचाने गए गोरख राय को भी अपराधियों ने गोली मार दी थी। दोनों खून से लथपथ करीब 15 मिनट तक सड़क पर पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया। डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया था।

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.**
पंजीकृत कार्यालय: 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार **30 जनवरी 2025** को उस शाखा परिसर में दोपहर **03:00 बजे** नीलामी की तारीख तय की गई है जहाँ से ऋण लिया गया था। उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र. सं. | शाखा | खाता नंबर | खाता धारक का नाम | पिता/पति/पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | भुगतान करें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माजीवाडा थाने | 103742512040 | बिनु एम मिश्रा | पुत्र मुकुंद | कुरसाहर, शिवहर बिहार 843329 | 21–09–2024 | 51,444.25 |

**नीलामी तिथि 30 जनवरी 2025 @ 03:00 बजे है।**

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।